# सफल किसान की कहानी– श्रीमंत मिश्रा

श्रीमंत मिश्रा पटमदा प्रखण्ड ही नहीं पूरे जिले में प्रगतिशील किसान के रूप में जाने जाते है। ये आई0 एस0सी0 तक पढ़ई किये है। इनका कुल कृषि योग्य 18.65 एकड़ भूमि है जिसमें ये 10 एकड़ में धान, सब्जी उत्पादन करते है। पाली हाउस में सब्जी का खेती करते है।

ये कृषि यंत्र जिरोटिलेज, रोटावेटर, ट्रैक्टर, पावर टीलर, कोनावीडर, रोटरीटिलर आदि का प्रयोग करते है जिससे मजदूर का खर्च बचता है तथा इनका कृषि कार्य त्वरित गति से संपन्न होता है।

इसके अलावा 1.5 एकड़ में मत्स्य पालन भी करते है।

इनके द्वारा अन्न, तेलहनी, दलहनी फसलों के साथ–साथ साग–सब्जी की खेती बहुतायत में किया जाता है। समेकित फसल प्रणाली में खेती बारी करने को विश्वास रखते है श्री मिश्रा। ये अपने आस–पास के अन्य किसानों को भी समेकित फसल प्रणाली को अपनाकर खेती का कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।इनके द्वारा कृषि के साथ पशुपालन तथा मत्स्य पालन भी करता है। इनके द्वारा केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित 2002–07 में पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा प्रखण्ड में टोककोनाला जलछाजन में योजना से सिंचाई का कार्य अन्य गांवों में किया जाता है। वर्ष 2012 में श्री विधि से धान की खेती कर अच्छा उपज प्राप्त किये है। इनके द्वारा विगत वर्ष 2016 में बीज ग्राम योजना के तहत धान बीज का भी उत्पादन किया है । उत्पादित धान बीज सरकार के द्वारा राज्य के अन्य किसानों को बीज बाँटने हेतु बीज आधिप्राप्त किया गया है। 2 हेक्टेयर परती भूमि में आम का बगीचा बनाया है। जो आज फल दे रहा है। इससे उन्हें काफी लाभ हो रहा है।

श्रीमंत मिश्रा कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं अन्य संबंद्ध विभागों से लगातार संपर्क में रहते है। विभाग के द्वारा दिये जाने वाले योजनाओं से लाभ लेते रहें है। अन्य किसानों को भी खेती करने के लिए प्रोत्साहित करते है।

पिछले वर्ष श्रीमंत मिश्रा को कृषि के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन हेतु पूर्वी सिंहभूम जिले से इजरायल भ्रमण हेतु भेजा गया था।

इनके खेती के प्रगति लगनशीलता को देखने जिला के कई पदाधिकारी के द्वारा भी प्रक्षेत्र भ्रमण कर इसका हौसला अफजाई किया है।

समेकित कृषि तकनीक से खेती कर, पशुपालन एवं मत्स्य पालन कर श्रीमंत मिश्रा सलाना 10 से 11 लाख रूपये कमाते है। इसका परिवार खेती पर आश्रित होते हुए भी नौकरी पेशा करने वाले परिवारों की तरह अपना जीवन–यापन का स्तर ऊँचा बनाये रखे है।




I HAVE
NOTHING
TO WEAR





